तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज प्रकरण सं० :- 12/2023 गजेन्द्रसिंह / कैलाश कंवर वगैरा	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
7/10/25	पत्रावली आज पेश हुई। अभिभाषक प्रार्थी उपस्थित, अभिभाषक अप्रार्थी उपस्थित अभिभाषक प्रार्थी को हिदायत दी जाती है कि आगामी तारीख पेशी पर साथ बहस आवश्यक रूप से न्यायालय में उपस्थित रहें। पत्रावली साथ बहस दिनांक 14/10/2025 को पेश हो। अति. जिला कलेक्टर पाली (राज.)	
14/10/25	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी अनु०। वकील अप्रार्थी उप०। अधिवक्ता प्रार्थी को पूर्व में न्यायालय में उपस्थित होने हेतु हिदायत देने के उपरान्त भी न्यायालय में अनुपस्थित। वकील प्रार्थी को सर्वथा अन्तिम अवसर इस हिदायत के साथ दिया जाता है कि अगली तारीख पेशी पर बाद बहस न्यायालय में आवश्यक रूप से उपस्थित आवे। अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। पत्रावली अग्रिम दिनांक 4/11/25 को पेश हो। अति. जिला कलेक्टर, पाली	
4/11/25	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी अनु०। वकील अप्रार्थी उप०। वकील प्रार्थी लम्बे समय से न्यायालय में अनुपस्थित। वकील प्रार्थी को न्यायालय में उपस्थित होने हेतु बार-बार आवाज लगवायी जाने के उपरान्त भी न्यायालय में अनुपस्थित। वकील प्रार्थी को बहस हेतु पर्याप्त अवसर व हिदायत दी जा चुकी है उसके उपरान्त भी न्यायालय में अनुपस्थित। ऐसी स्थिति में हस्तगत निगरानी याचिका वकील प्रार्थी की अनुपस्थिति में अदम पैरवी- अदम धजरी में खारिज की जाती है। निर्णय की सत्यप्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रेकर्ड लौटाया जावे। पत्रावली इसी मुताबिक निर्णित की जाकर बाद तकमील संख्या से एक कम घटाकर दाखिल दफ्तर हो। अति. जिला कलेक्टर, पाली	